वि.यू. के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दीप प्रज्वलन

जबलपुर - माननीय प्रधानमंत्री श्री.नरेंद्र मोदी जी द्वारा देश वासियों से अपील की गई थी की 5 अप्रैल, रात 9 बजे, 9 मिनिट के लिए घर की सभी लाइटें बंद करके, दरवाज़ा या बालकनी में खड़े रहकर मोमबत्ती, दिया, टॉर्च या मोबाइल की फ्लैशलाइट जलाएं। इस संबंध में वि.यू. के माननीय कुलपति डॉ. एस.पी. तिवारी एवं समस्त महाविद्यालयों के अधिकारियों, करमचारियों एवं छात्रों द्वारा दीपक, मोलबत्ती, टॉर्च आदि जलाकर प्रधानमंत्री द्वारा की गई अपील का पालन किया एव इस दौरान सोशल डिसटेंसिंग का पूरा ध्यान रखा। हमसबको मिलकर कोरोना संकट के अंधकार को चुनौती देनी है, उसे हमारी एकता की ताकत के प्रकाश का परिचय कराना है।